राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–235/2024

राजभवन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 13 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सभी राज्यों में अन्य प्रदेशों के लोग रहते हैं और उनकी संस्कृति एक ही है और वह है भारतीय संस्कृति। आज हमें इस भावना को पुनः अधोरेखित करने की जरूरत है ताकि हमारी एकता और भी सुदृढ़ हो।

राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सुदूर प्रदेशों से आकर उन्होंने बिहार को अपना निवास स्थान बनाया है। बिहार के साथ उनका एक अटूट रिश्ता है। बिहार के लोगों ने उन्हें काफी स्नेह दिया है। बिहारी के रूप में उनकी पहचान बन गई है। उन्हें चाहिए कि वे बिहार की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दें।

राज्यपाल ने अपने हाल के मंगोलिया यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहाँ इंडियन डायस्पोरा के सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के लोग एकत्रित हुए थे, परन्तु उनकी पहचान भारतीय के रूप में थी।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में भारत की साख बन रही है। भारत की एकता में ही इसकी श्रेष्ठता है। हम सब भारतीय है और हमारी बिरादरी भारतीयता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पंजाबी संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, मेजर जनरल ए०एस० बजाज, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, पंजाबी बिरादरी के अध्यक्ष श्री दिलजीत खन्ना, पंजाबी बिरादरी के लेडीज विंग की चेयरमैन श्रीमती उमा सिंह, बिहार में पदस्थापित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में पढ़ाई कर रहे इन राज्यों के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे इन राज्यों के महानुभावगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....